# योग से होता है मानसिक और शारीरिक विकास : प्रभारी मंत्री

## रायसेन में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सम्पन्न

**रायसेन, 12 जनवरी. स्वामी विवेकानंद जी की जयंती ''युवा दिवस'' के अवसर पर जिले के सभी स्कूल-कॉलेजों, आश्रम-शालाओं सहित सभी शैक्षणिक संस्थानों में सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम आयोजित किए गए. रायसेन स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम का शुभारंभ मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार तथा सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी द्वारा स्वामी विवेकानंदजी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया.**



इसके उपरांत स्वामी विवेकांनदजी की वाणी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण सुना गया. खेल स्टेडियम में आकाशवाणी से प्रसारित कार्यक्रम के अनुरूप प्रभारी मंत्री पंवार, सांची विधायक डॉ. चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों ने एक साथ सामूहिक सूर्यनमस्कार किया और अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम आदि योगासन किए गए.

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री पंवार ने कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है. स्वामी विवेकानंद जी के विचार युवाओं में नई ऊर्जा का संचार करते हैं तथा सभी को स्वामी विवेकानंदजी के आदर्शों और विचारों से प्रेरित होकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का संकल्प लेना चाहिए. उन्होंने कहा कि योग हमारी भारतीय परम्परा का हिस्सा है. योग से सभी का बौद्धिक, मानसिक और शारीरिक विकास होता है और क्षमताओं में वृद्धि होती है.

प्रभारी मंत्री ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंदजी का 'उठो-जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो' का संदेश परमात्मा द्वारा व्यक्ति को प्रदान किए गए असीम ऊर्जा के भण्डार का अनुभव कराकर अपने स्वप्न और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी क्षमता से प्रयास करने के लिए प्रेरित करता है. स्वामी विवेकानंद के विचार न केवल युवाओं को सशक्त बनाते हैं, बल्कि हमें समाज और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारियों की भी अनुभूति कराते हैं. सभी स्वामी विवेकानंद के सपनों को पूरा करने के लिए एकजुट हों और राष्ट्र को शक्तिशाली एवं समृद्ध बनाने में योगदान दें.

कार्यक्रम में सांची विधायक डॉ. चौधरी ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी को जीवन में योग अपनाना चाहिए. योगाभ्यास से हमारा शरीर तो स्वस्थ्य होता ही है, मानसिक रूप से भी सुदृढ़ होते हैं. एकाग्रता और सीखने की क्षमता में भी वृद्धि होगी. विद्यार्थी नियमित सूर्य नमस्कार करें तो उनकी कुषाग्रता में वृद्धि होगी जो लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने में सहायक होगी. कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन ने भी संबोधित किया.

### तीन हजार से अधिक बच्चों ने किया सूर्यनमस्कार

रायसेन स्थित खेल स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक सूर्यनमस्कार, प्राणायाम कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री पंवार, विधायक डॉ चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष मीणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, डीएफओ प्रतिभा शुक्ला, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एएसपी कमलेश कुमार तथा राकेश शर्मा सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राओं द्वारा एक साथ एक संकेत पर सामूहिक सूर्यनमस्कार किया गया.



# डॉक्टर का मरीज के परिजन से विवाद, 6 पर मामला दर्ज

**बेगमगंज, 12 जनवरी. शासकीय सिविल अस्पताल में पदस्थ डॉ. अमन सेन का बीती रविवार की शाम करीब 6 बजे फिर से मरीज के परिजनों से विवाद हो गया. डॉक्टर सेन ने 6 युवाओ के खिलाफ मामला दर्ज कराया है.**

सूत्रों के अनुसार रोशन लोधी नामक युवक के पांव में चोट होने के कारण उसके कुछ मित्र उसे लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे और डॉक्टर को दिखाने के बाद रोशन की ड्रेसिंग कराने लगे. इस बीच अस्पताल कैंपस में खड़े उसके मित्र आसपास में मजाक और गाली-गलौच करने लगे तब ड्यूटी पर मौजूद डॉ. सेन ने बाहर आकर उन्हें गाली - गुफ्तार करने को मना किया तो युवक भड़क गए और उन्होंने डॉक्टर सेन से झूमाझटकी करते मारपीट कर दी.

जिसके बाद अस्पताल में हंगामा हो गया और स्वास्थ्यकर्मियों ने भी हंगामा खड़ा कर दिया जिससे अस्पताल में अफरातफरी का वातावरण बन गया. सूचना मिलते ही मौके पर थानाप्रभारी राजीव उइके पुलिसबल के साथ पहुंच गए और मामले को शांत कराया. तब तक आरोपी फरार हो गए थे.

इधर घटना की जानकारी लगते ही सोमवार को सीएमएचओ डॉ. दिनेश खत्री बेगमगंज पहुंचे और उन्होंने संबंधित घटना को लेकर सभी डॉक्टर्स की बैठक ली और घटना की निंदा करते हुए सभी डॉक्टर्स एवं स्वास्थ्यकर्मियों को समझाइश देते हुए कहा, ध्यान रहे मरीजों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाते हुए समय पर उनका उपचार करें और परिवार के सदस्यों के समान व्यवहार करें. इसके अतिरिक्त उन्होंने अस्पताल में शुद्ध पानी और साफसफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए. थानाप्रभारी राजीव उइके ने बताया डॉक्टर अमन सेन की रिपोर्ट पर आरोपी एकांश दुबे, अनुज, सत्यम, रोशन, अक्षय एवं आयुष के विरुद्ध धारा 132 / 121-1, 296 बी, 351 एवं 3/5 के तहत मामला दर्जकर फरार आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है.




# छात्र-छात्राओं को मिला आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**सलामतपुर, 12 जनवरी. दीवानगंज स्थित पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बचपन संस्था एवं वेलस्पन के सहयोग से संचालित सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर क्षमता वर्धन एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हुआ.**

यह प्रशिक्षण पिछले एक माह से लगातार चल रहा था, जिसमें छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा की व्यावहारिक तकनीकों के साथ आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का प्रशिक्षण दिया गया. समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार उपस्थित रहे. साथ ही सालमपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी, चौकी प्रभारी सुनील शर्मा, दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण भी कार्यक्रम में शामिल हुए. अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आत्मरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया. कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा. समापन समारोह में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे और प्रशिक्षण से मिले अनुभव साझा किए.

# स्कूली विद्यार्थियों ने किया सामूहिक सूर्य नमस्कार

## युवा दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में हुआ आयोजन

**सिलवानी, 12 जनवरी. स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस एवं युवा दिवस के अवसर पर नगर के सांदीपनि विद्यालय परिसर में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं विद्यालय कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.**



इस अवसर पर योग शिक्षक द्वारा उपस्थित सभी लोगों को प्राणायाम की विभिन्न क्रियाएं कराई गईं. इसके साथ ही विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया. कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के संदेश का सीधा प्रसारण भी किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर परिषद अध्यक्ष रेशु नायक, भाजपा नेता विभोर नायक, भाजपा जिला मंत्री संदीप शर्मा, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पुनीत समैया एवं विद्यालय प्राचार्य एनपी शिल्पी द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया.

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह मानसिक एवं बौद्धिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. स्वामी विवेकानंद के विचार युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे.

# सांदीपनि विद्यालय में सूर्य नमस्कार



**बाड़ी, 12 जनवरी. सांदीपनि विद्यालय, बाड़ी में स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया.**

इस अवसर पर सूर्य नमस्कार एवं योग का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य सुमन तिवारी द्वारा स्वामी विवेकानंद जी एवं मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय के योग शिक्षक अरविंद शर्मा एवं एनसीसी अधिकारी एस. आर. मालवीय के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं स्टाफ ने सूर्य नमस्कार सहित योग का अभ्यास किया. योगाचार्य शर्मा ने योग एवं सूर्य नमस्कार से होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की.

# युवक का शव मिला हत्या की आशंका



**सिलवानी, 12 जनवरी. सोमवार की शाम को नगर से लगभग 4 किलोमीटर दूर जुनिया पुल के पासएक युवक का शव पानी में उतराता हुआ मिला. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को स्वर्ग वाहन की सहायता से सिविल हॉस्पिटल सिलवानी लाया गया, जहां उसे मर्चुरी रूम में रखा गया है. शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को किया जाएगा.**

मृतक की पहचान नगर के वार्ड क्रमांक 2 निवासी हिरदेश यादव (26 वर्ष) पिता प्रकाश यादव के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि हिरदेश अपने दोस्तों के साथ जुनिया पुल के पास पार्टी करने गया था. इसी दौरान पैर फिसलने से संतुलन बिगड़ गया और वह नदी में गिर गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई.

वहीं, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. मृतक के भाई दीपेश यादव ने बताया घटना की जानकारी मिलने पर घटना स्थल पहुंचा तो वह कम गहरे पानी में मुंह के बल डूबा हुआ मिला, हिरदेश को गहरे पानी में तैरना आता था. घटना स्थल पर चार डिस्पोजल और चार प्लेटें मिली है. पुलिस ने उसके साथी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ रही है. इस संबंध में एसडीओपी अनिल सिंह मौर्य ने बताया कि युवक का शव पानी में उतराता मिला है. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच की जा रही है.

### साइबर ठगी से रहें सावधान

**रायसेन, 12 जनवरी.** प्रदेश में राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड के परीक्षार्थियों के अभिभावकों से साइबर ठगों द्वारा ठगी किए जाने का मामला सामने आया है. ठगों द्वारा स्वयं को बोर्ड से संबंधित बताकर परीक्षार्थियों को पास कराने के नाम पर धनराशि मांगी जा रही है. धोखाधड़ी की जा रही है. इधर, मामला सामने आने के बाद राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए 0755-2671066 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है. साथ ही यह भी स्पष्ट किया है कि जिन नामों से फोन कॉल किए जा रहे हैं, उस नाम का कोई भी व्यक्ति राज्य ओपन स्कूल शिक्षा बोर्ड में कार्यरत नहीं है. इस प्रकार से किसी को पास कराना पूर्णत: असंभव है.

# 'सृजन' किशोर सशक्तिकरण कार्यक्रम का समापन

**रायसेन, 12 जनवरी. सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए रायसेन जिला पुलिस द्वारा आयोजित 'सृजनः किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम' का विधिवत समापन पुलिस उपमहानिरीक्षक विनीत कपूर के मुख्य आतिथ्य में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सभागार में हुआ.**



पुलिस अधिकारियों और छात्रों के बीच सीधा संवाद हुआ, जिसमें छात्रों ने सुरक्षा से जुड़े कई सवाल पूछे. समापन अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया. इस अवसर पर डाइट प्राचार्य विजय नेमा सहित पुलिस अधिकारी और युवा उपस्थित रहे.

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा की गई. समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीआईजी कपूर ने कहा कि 'सृजन' जैसे कार्यक्रमों का मूल उद्देश्य पुलिस और जनता, विशेषकर युवाओं के बीच की दूरी को कम करना है. उन्होंने कहा कि किशोर अवस्था जीवन का वह पड़ाव है जहाँ सही मार्गदर्शन मिलने पर एक युवा राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे सकता है. उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गुप्ता ने कहा कि 'सृजनः किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम' के माध्यम से जिले के अनेक किशोरों को पुलिस की कार्यप्रणाली से रूबरू कराया गया है. इसका उद्देश्य किशोरों के मन से पुलिस का भय निकालकर उनमें कानून के प्रति सम्मान और सुरक्षा की भावना जागृत करना है.

उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण के दौरान किशोरों को आत्मरक्षा, नशे के विरुद्ध अभियान और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रशिक्षित किया गया. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार ने भी अपने विचार साझा किए और युवाओं को अनुशासन का महत्व समझाया. कार्यक्रम में किशोरों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित निर्णय लेने के बारे में सिखाया गया.

## एक नजर में



### कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा

**सिलवानी.** ग्राम पंचायत सिंगपुरी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए और पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा. कथा के प्रथम दिवस में कथावाचक पंडित रेवाशंकर शास्त्री (मवई वाले) ने श्रीमद् भागवत महापुराण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा मानव जीवन को सदमार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य का संदेश देती है. कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक आयोजित की जा रही है. कथा का समापन 18 जनवरी रविवार को कथा विश्राम, प्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा. इस धार्मिक आयोजन के आयोजक बालमुकुन्द यादव (बाबूजी), सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर एवं महेंद्र पाल यादव (सरपंच प्रतिनिधि) हैं. आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है.

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुआ युवा संवाद कार्यक्रम

**सिलवानी.** सिविल हॉस्पिटल सिलवानी में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में युवा संवाद एवं हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन बीएमओ आर.एस. पटेल के मार्गदर्शन में तथा ज्योति पंडित (आरकेएस परामर्शदाता, एनएचएम-एफपीएआई भोपाल) के नेतृत्व में किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रनिर्माण, नवाचार, नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा. बीएमओ आर.एस. पटेल ने स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं. उनके विचार, ऊर्जा और संकल्प से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है. संवाद सत्र के दौरान शिक्षा, रोजगार, स्टार्टअप, डिजिटल कौशल, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समावेशन जैसे विषयों पर खुली चर्चा हुई. युवाओं ने अपने अनुभव और सुझाव साझा करते हुए कौशल विकास, उद्यमिता के अवसरों और स्थानीय समस्याओं के समाधान पर विशेष जोर दिया.



**आदेश की अनदेखी** ▶ दीवानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला, हादसे की आशंका

# सात साल पहले आदेश, अब तक नहीं तोड़ा अस्पताल का जर्जर भवन

**अदनान खान, नवभारत**

**सलामतपुर, 12 जनवरी. रायसेन जिले के अधिकारी कलेक्टर के आदेश को भी तवज्जो नहीं देते हैं. जिसका उदाहरण सांची जनपद क्षेत्र में आसानी के साथ देखने को मिल जाएगा. जहां एक अस्पताल के पुराने जर्जर भवन को गिराने का आदेश सात साल पहले कलेक्टर द्वारा लोक निर्माण विभाग को दिया था. लेकिन सात साल बीतने के बाद भी अस्पताल का जर्जर भवन किसी बड़े हादसे के इंतज़ार में खड़ा हुआ है.**



और तो और ये पूरा मामला पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं सांची विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी के क्षेत्र के अंतर्गत आता है. रायसेन जिले के सांची विकासखंड अंतर्गत आने वाले दीवानगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्थित पुराने उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन जो लगभग 50 साल पुराना बताया जा रहा है. जो जर्जर खंडहर की स्थिति में खड़ा है. इस भवन में जगह जगह से दरारें आ गई हैं. ऐसे में कोई बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है. स्वास्थ्य केंद्र में लगभग 40 गांवों के लोग इलाज कराने आते हैं. वहीं अस्पताल परिसर में अस्पताल स्टाफ भी निवास करता है. ऐसी स्थिति में यहां पर कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है. मगर तत्कालीन कलेक्टर के आदेश के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है. बता दें कि 14 अक्टूबर 2019 को आदेश क्रमांक 6460/एस.सी. शाखा/89/2019 रायसेन कलेक्टर द्वारा इस भवन को गिराने के लिए आदेश किया गया था. जिसमें उल्लेख किया गया था कि भवन रिपेयरिंग की स्थिति में नहीं है और जो कभी भी गिरकर जनहानि हो सकती है.

ऐसी स्थिति में भवन को तोड़ने के लिए लोक निर्माण विभाग को आदेश किया गया था. मगर 7 साल बीतने के बाद भी कलेक्टर का आदेश का पालन नहीं हुआ है. और जर्जर भवन आज भी अस्पताल परिसर में आने वाले लोगों के लिए खतरा बना हुआ है.

### तत्कालीन कलेक्टर ने भवन गिराने के दिए थे आदेश

7 साल पहले इस जर्जर अस्पताल भवन को गिराने के आदेश रायसेन कलेक्टर द्वारा दिए गए थे. लेकिन 7 साल बीत जाने के बाद भी इस जर्जर भवन को गिराया नही गया है. जिसकी वजह से पास ही स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने आ रहे 40 गांवों के मरीज़ों की जान को खतरा है. जानकारी होने के बाद भी लोक निर्माण विभाग इस और ध्यान नही दे रहा है.

**कैलाश गोस्वामी,** समाजसेवी सलामतपुर.

### जर्जर बिल्डिंग से हादसे का खतरा

ये अस्पताल बिल्डिंग लगभग 50 वर्षों पहले बनी होगी. कई वर्षों से क्षतिग्रस्त होकर जर्जर अवस्था में पड़ी हुई है. इस जर्जर भवन को गिराने के भी आदेश हुए थे. लेकिन अभी तक अस्पताल भवन नही गिराया गया है. जबकि कुछ समय पहले ही पास ही के एक गांव में स्कूल की दीवार गिरने से बड़ा हादसा हुआ था जिसमें 1 बच्ची की मौत हो गई थी. ऐसा लगता है कि इस मामले में भी ज़िम्मेदार अधिकारियों को कोई बड़े हादसे का इंतज़ार है.

**महेश साहू,** स्थानीय निवासी